# Important Questions Class 6 Hindi Chapter 11 मैं सबसे छोटी होऊँ

**1. छोटी लड़की किसकी गोद में रहना चाहती है?**

**उत्तर :** छोटी लड़की अपनी माँ के गोद में रहना चाहती है क्योंकि उसे अपनी माँ की गोद में सुरक्षित और आत्मविश्वास की अनुभूति होती है।

**2.आँचल में छुपकर लड़की को कैसा महसूस होता है?**

**उत्तर :** आँचल में छुपकर लड़की को निर्भीकता की अनुभूति होती है।वह अपनी माँ से बहुत प्रेम करती है उसी प्रकार उसकी माँ भी उससे बहुत प्रेम करती है।प्रत्येक बच्चे को अपनी माँ के आँचल में सुरक्षित महसूस होता है।

**3.किसका हाथ पकड़ कर वो घूमना चाहती है?**

**उत्तर :** लड़की अपनी माँ का हाथ पकड़ कर घूमना चाहती है।लड़की को अपनी माँ पर विश्वास है कि अगर वह अपनी माँ का हाथ पकड़कर चलेगी तो किसी भी प्रकार का भय उसके निकट नहीं आ सकता।

**4. छोटी लड़की क्या होकर अपनी माँ का स्नेह नहीं खोना चाहती है?**

**उत्तर:** छोटी लड़की बड़ी होकर अपनी माँ का स्नेह खोना नहीं चाहती है।वह जानती है कि अगर वह बड़ी हो गयी तो वह अपनी माँ से बहुत दूर हो जाएगी।इसीलिए वह छोटी ही रहना चाहती है।

**5. किसके छाँव में रहने की कवि ने बात की है?**

**उत्तर :** कवि ने माँ के अंचल की छाँव में रहने की बात की है क्योंकि इस संपूर्ण दुनिया में केवल माँ ही है जो बच्चों का हमेशा साथ देती है।

**6. माँ पीछे क्यों चलने लगती है?**

**उत्तर :** लड़की के बड़े हो जाने के बाद, माँ उसको आगे चलने देती और खुद पीछे हो जाती है। जिससे अगर वह कभी गिरे, तो माँ हमेशा उसे संभालने के लिए तत्पर रहती है।

**7. " छिपी रहूँ निस्पृह, निर्भय,**

**कहूँ-दिखा दे चंद्रोदय।"**

**पंक्तियों में कवि क्या कहना चाहता है?**

**उत्तर :** इन पंक्तियों से, यह अर्थ निकल कर सामने आता है, कि लड़की को अपनी माँ के आँचल में बहुत सुकून मिलता है। जब वह अपनी माँ के साथ होती है, तो उसे किसी भी प्रकार का डर नहीं लगता है। वह अपनी माँ से कह रही है, कि वह चाँद को उदित होते देखना चाहती है।

https://www.evidyarthi.in/

**8. माँ पीछे घूमना क्यों छोड़ देती है?**

**उत्तर :** लड़की के बड़े हो जाने के बाद, माँ उसका पीछे घूमना छोड़ देती है। क्योंकि लड़की अब अपना काम स्वयं कर सकती है। उसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए, माँ उसके पीछे घूमना छोड़ देती है।

**9. लड़की माँ का हाथ क्यों नहीं छोड़ना चाहती है?**

**उत्तर :** लड़की माँ की गोद में ही सोना चाहती है, और उन्हीं के आँचल को पकड़- पकड़ कर घूमना चाहती है। लड़की को अपनी माँ के समीप एक निर्भीकता और सुकून का एहसास होता है, इसीलिए वो उनका हाथ नहीं छोड़ना चाहती है।

**10. "तेरा स्नेह न खोऊँ मैं" से कवि का आशय स्पष्ट करें।**

**उत्तर :** लड़की माँ से कहती है, कि माँ मैं तेरा स्नेह नहीं खोना चाहती हूँ। क्योंकि अगर मैं एक बार बड़ी हो गई, तो तेरा स्नेह खो बैठूँगी। तू मुझे फिर अपने आँचल में नहीं सुलायेगी और मेरा हाथ भी छोड़ देगी। इसीलिए मैं छोटी ही रहूँगी और तेरे स्नेह में रहूँगी।

**11. छोटी लड़की माँ के साथ क्या-क्या करना चाहती है?**

**उत्तर :** लड़की माँ के आँचल में सोना, उनकी गोद में खेलना, हाथ पकड़ कर चलना और खिलौनों के साथ खेलते हुए, माँ से कहानी सुनना चाहती है।

**12. कवि सुमित्रानंदन पंत का जीवन परिचय लिखिए।**

**उत्तर :** सुमित्रानंदन पंत छायावादी काव्यधारा के स्तम्भ कवियों में से एक हैं। वे एक बहुत ही प्रतिभाशाली व्यक्ति थे। उनका जीवन कठिनाइयों से भरा हुआ था। उनका जन्म सन् 1900 में उत्तरांचल के अल्मोड़ा जिले में हुआ था। जन्म के कुछ घंटे बाद ही, वे मातृस्नेह से वंचित हो गए। इनके बचपन का नाम 'गुसाई दत्त' था। इनका पालन-पोषण, इनकी दादी ने किया था। ये अपने पिता गंगादत्त पंत की आठवीं संतान थे। इन्होंने अपने जीवन में भावनात्मक और आर्थिक दोनों तरह के कष्टों का सामना किया है। उन्हें अपने पिता के निधन के बाद, आर्थिक यातनाओं का सामना करना पड़ा। जिसने उन्हें अंदर तक छकछोर डाला। इसीलिए उन्हें 'संवेदनशील इन्द्रिय बोध का कवि' भी कहा जाता है। उनके काव्य में, उनकी प्रकति के प्रति आसक्ति के दर्शन मिलते हैं। इनकी प्रमुख कृतियाँ हैं; युगांत, उत्तरा, युगवाणी, ग्राम्या आदि। इनकी मृत्यु सन् 1977 में हुई थी।

**13.कविता " मैं सबसे छोटी होऊँ" का सारांश लिखिए।**

**उत्तर :** कविता "मैं सबसे छोटी होऊँ" का सारांश यह है, कि छोटी बच्ची हमेशा छोटी रहना चाहती है। जिससे वह हमेशा अपनी माँ की गोद में सो सके। उनका आँचल पकड़कर खेल सके। वो हमेशा अपनी माँ के साथ रहना चाहती है, वो उनसे अलग होने के ख्याल से ही भय से भर जाती है। उसे अपनी माँ की गोद, अपना सुरक्षा स्थल लगता है। जहाँ उसे किसी भी प्रकार की हानि नहीं हो सकती है। वह अपनी माँ से खेलना, उनके पीछे चलना, उनसे परियों की कहानी सुनना व उनके हाथों से सुसज्जित होकर, उनके स्नेह पाना चाहती हैं। क्योंकि छोटी बच्ची को यह पता है, कि बड़े होने के बाद, वह अपनी माँ और उनके स्नेह दोनों से दूर हो जाएगी। अतः वह अपनी माँ के आँचल में छिपकर, निडर होकर चाँद को उदित होते देखना चाहती है।

**14. लड़की सबसे छोटा ही क्यों होना चाहती है?**

https://www.evidyarthi.in/

**उत्तर :** बच्चे छुटपन में अपनी माँ के बहुत करीब होते हैं। इसीलिए लड़की बड़ी होना ही नहीं चाहती है। वो चाहती है, कि वह हमेशा छोटी रहे और अपनी माँ के आस- पास रहे। वह उनके आँचल में खेलना, उनसे कहानियाँ सुनना और उनकी गोद में सो जाना चाहती है। वो हमेशा अपनी माँ के साथ रहना चाहती है, वो उनसे अलग होने के ख्याल से ही भय से भर जाती है। बड़े होने के बाद, ये सब मुमकिन नहीं है, इसीलिए वो हमेशा छोटी ही रहना चाहती है।वह अपनी माँ के आँचल में छिपकर, निडर होकर चाँद को उदित होते देखना चाहती है।

**15. माँ के साथ उसका कौन- सी नजदीकी है? जो लड़की बड़ी होकर नहीं खोना चाहती।**

**उत्तर :** माँ उसको अपनी गोद में सुलाकर परियों की कहानी सुनाती हैं, नहलाती भी अपने ही हाथों से हैं। माँ के सुरक्षित आँचल में, वो अपने लिए घर बना लेती है। किसी भी सूरत में, माँ उसको अकेला नहीं छोड़ती हैं। बड़े हो जाने पर, वह माँ से दूर हो जाएगी। ये सारी नजदीकियां बड़े होकर, खोना नहीं चाहती है।वो हमेशा अपनी माँ के साथ रहना चाहती है, वो उनसे अलग होने के ख्याल से ही भय से भर जाती है। बड़े होने के बाद, ये सब मुमकिन नहीं है, इसीलिए वो हमेशा छोटी ही रहना चाहती है।वह अपनी माँ के आँचल में छिपकर, निडर होकर चाँद को उदित होते देखना चाहती है।

**16. माँ, छोटी लड़की के लिए कौन-कौन से काम करती हैं?**

**उत्तर :** माँ छोटी लड़की को अपनी गोद में खेलाती है। वो उसे कभी भी अकेला नहीं छोड़ती है, हमेशा अपने आँचल से सटाकर रखती है। माँ उसे नहलाती, सजाती और संवारती है। उसे प्यार से परियों की कहानी सुनाकर सुलाती भी है। वह सबसे छोटी है, तो माँ उसका सबसे अधिक ध्यान रखती है। माँ छोटी बच्ची के लिए, उसके पसंद और जरूरत की सारी चीज़े लाती है। बड़े होने के बाद, ये सब मुमकिन नहीं है, इसीलिए वो हमेशा छोटी ही रहना चाहती है।

https://www.evidyarthi.in/